# BEST PRACTICES

## 1. PLANTATION ACTIVITY



ftyk Lrjh; ouegksRlo xzke lydk fnukad 3-08-2018 dks ikS/kkjksi.k djrs gq, egkfo|ky; ds izk/;kid ,oa fo|kFkhZ



fo’oIk;kZo.k fnol 5 twu 2020 dks ikS?kkjksi.k djrs gq, vfrfFk ,oa jkls;ks Lo;a lsod




राष्ट्रीय सेवा योजना
National Service Scheme
( पुरुष इकाई )
2021.08.07 12:54


राष्ट्रीय
2021.08.07 12:52


National Service Scheme
2021.08.07 12:52


राष्ट्रीय सेवा योजना
National Service Scheme
समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास
शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)
( पुरुष इकाई )
रासेयो परिवार आपका हार्दिक अभिनंदन करता है..
2021.08.07 12:51

# रासेयो स्वयं सेवकों ने कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया






**बैकुण्ठपुर** – हरियर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरूष इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य रासेयो अधिकारी एवं पदेन उप सचिव उच्च शिक्षा डॉ0 समरेन्द्र सिंह एवं डॉ0 अनिल कुमार सिन्हा, कार्यक्रम समन्वयक के निदेर्शानुसार, डॉ0 ए0 सी0 गुप्ता प्राचार्य के संरक्षण, प्रो0 एम0 सी0 हिमधर जिला संगठक के मार्गदर्शन एवं डॉ0 (श्रीमती) प्रीति गुप्ता एवं डॉ0 विनय शुक्ला के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्वयं सेवकों ने फलदार एवं छायादार पौधे जैसे- आम, जामुन, आंवला, कटहल, अशोक, नीम, करंज, बरगद, गुलमोहर, पीपल का रोपण किया एवं गत वर्ष लगाए हुए पौधों के आस-पास साफ-सफाई भी किया। इससे पूर्व जिला संगठक ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि- मानव जीवन की रक्षा एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए पौधा रोपण अति आवश्यक है। कोरोना काल में आक्सीजन की कमी ने पौधों की आवश्यकता एवं महत्व को प्रमाणित किया है। अतएव हम सबकों को अपने संस्था, घर, बाड़ी के आस-पास प्रतिवर्ष अनिवार्य रूप से पौधे लगाकर उसको सुरक्षित रखना चाहिए। प्राचार्य ने सभी स्वयं सेवकों को वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए उसे सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया। आज के पौधा रोपण कार्यक्रम में स्वयं सेवक शबाना बेगम, देव नारायण सिंह, शिवम सागर, कन्हैया राजवाड़े, टकेश्वर, अभय यादव, रजनीश दोहरे, प्रियांशु, आंचल ठाकुर, ज्योति, रीनू साहू एवं संध्या ठाकुर की सक्रिय भूमिका रही। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 विनय कुमार शुक्ला, प्राध्यापक डॉ0 आशुतोष देऊस्कर, डॉ0 बृजेश कुमार पाण्डेय, अतिथि व्याख्यता योगेश सिंह, कु0 रोली सिंह, रासेयो कार्यक्रम सहायक आरीफ ढेबर ने भी पौधा रोपण किया।

# रासेयो कोरोना वारियर्स ने पौधा रोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया





**बैकुण्ठपुर**
**(अम्बिकावाणी समाचार)**
आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बैकुण्ठपुर शहर में रासेयो कोरोना वारियर्स के रूप में तैनात स्वयं सेवकों ने ड्यूटी उपरान्त शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव पी0 जी0 महाविद्यालय बैकुण्ठपुर के परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया और पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु संकल्प लिया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 ए0 के0 सिन्हा संत गहिरा गुरू सरगुजा विश्वविद्यालय अम्बिकापुर के दिशा निर्देश, प्राचार्य डॉ0 ए0 सी0 गुप्ता के संरक्षण और जिला संगठक कोरिया प्रो0 एम0 सी0 हिमधर के मार्गदर्शन में पौधा रोपण का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए जिला संगठक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में वैश्विक स्तर पर पर्यावरण दिवस मनाने की घोषणा की थी। 05 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था तब से हर वर्ष यह दिवस पर्यावरण की सुरक्षा, संरक्षण और धरती को श्रृंगारित करने के लिए मनाया जाता है। आप सभी आज एक- एक पौधा लगाकर उसे सुरक्षित करते हुए पर्यावरण को संवारने और सुरक्षित रखने का संकल्प लीजिए। यातायात सैनिक और सीनियर स्वयं सेवक श्री महेश मिश्रा के द्वारा भी युवाओं का आह्वान किया गया कि प्रकृति की सुरक्षा और शुद्ध ताजी ऑक्सीजन पाने के लिए पौधारोपण आज की महति आवश्यकता है। जिला संगठक प्रो0 एम0 सी0 हिमधर, यातायात सैनिक महेश मिश्रा एक- एक पौधा लगाकर शुभारम्भ किया गया। तदुपरांत सुनी धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार, वृक्ष धरा के भूषण- दूर करे प्रदूषण, हम सबने ठाना है- पर्यावरण बचाना है, कोरोना को हराना है दुनिया से भगाना जैसे प्रेरक नारे लगाते हुए सोशल डिसटेंस मेन्टेन करते हुए पौधों का रोपण किया। देश और दुनिया के सभी लोगों को प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधे लगाकर उसे सुरक्षित रखने का संदेश भी दिया। इस नेक कार्य में कु0 शालिनी सिंह श्याम, अल्फा बड़ा, पूजा रजक, सुनीता साहू, रजनीश दोहरे, विनोद राजवाड़े, आकाश सिंह, ज्योति राजवाड़े, शिवम कुमार, पुनीता साहू, रितु राजवाड़े, अभय यादव, प्रिया केशरवानी, नीरा राजवाड़े, शबाना बेगम, सावित्री राजवाड़े, सिमरन परवीन, टकेश्वर राजवाड़े, उर्मिला राजवाड़े, किरन भगत, राजेश राजवाड़े, शक्ति राजवाड़े, सुमित कुमार साहू, देव नारायण सिंह, सरिता सिंह, सोनिया राजवाड़े सक्रिय रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 श्रीमती प्रीति गुप्ता, डॉ0 आर0 एन0 कच्छप, शिशिर हिमधर ने इन स्वयं सेवकों को बधाई दिया है। कोविड- 19 का पर्यावरण प्रभाव विषय पर आयोजित ऑन लाईन निबंध प्रतियोगिता में जिले के 32 स्वयं सेवकों ने भागीदारी किया। मूल्यांकनकर्ता डॉ0 आशुतोष देऊकर द्वारा ऑन लाईन निबंध जांची गई जिसमें प्रथम स्थान शास0 लाहिड़ी महाविद्यालय चिरमिरी के स्वयं सेवक रवि मुंगरी ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान कु0 सिमरन परवीन रामानुज पी0 जी0 महाविद्यालय बैकुण्ठपुर तथा तृतीय स्थान कु0 स्मृति गुप्ता शा0 विवेकानन्द महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ ने प्राप्त किया है। विजेताओं के साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। जिला संगठक ने विजेताओं को बधाई एवं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दिया है।

कोरिया की खबरें पृष्ठ 6 पर भी पढ़ें.


**एजेंसी देना है**

दैनिक अम्बिकावाणी की एजेंसी कोरिया जिले के कटकोना, केल्हारी, खड़गवां, बचरापोड़ी में देना है संपर्क करें...
कृष्ण विभूति तिवारी
दैनिक अम्बिकावाणी
जिला कार्यालय
बैकुण्ठपुर
मो0– 6261975417, 9407744392

# रासेयो स्वयं सेवकों ने कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया






**बैकुण्ठपुर** - हरियर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरूष इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य रासेयो अधिकारी एवं पदेन उप सचिव उच्च शिक्षा डॉ0 समरेन्द्र सिंह एवं डॉ0 अनिल कुमार सिन्हा, कार्यक्रम समन्वयक के निदेर्शानुसार, डॉ0 ए0 सी0 गुप्ता प्राचार्य के संरक्षण, प्रो0 एम0 सी0 हिमधर जिला संगठक के मार्गदर्शन एवं डॉ0 (श्रीमती) प्रीति गुप्ता एवं डॉ0 विनय शुक्ला के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्वयं सेवकों ने फलदार एवं छायादार पौधे जैसे- आम, जामुन, आंवला, कटहल, अशोक, नीम, करंज, बरगद, गुलमोहर, पीपल का रोपण किया एवं गत वर्ष लगाए हुए पौधों के आस-पास साफ-सफाई भी किया। इससे पूर्व जिला संगठक ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि- मानव जीवन की रक्षा एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए पौधा रोपण अति आवश्यक है। कोरोना काल में आक्सीजन की कमी ने पौधों की आवश्यकता एवं महत्व को प्रमाणित किया है। अतएव हम सबकों को अपने संस्था, घर, बाड़ी के आस-पास प्रतिवर्ष अनिवार्य रूप से पौधे लगाकर उसको सुरक्षित रखना चाहिए। प्राचार्य ने सभी स्वयं सेवकों को वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए उसे सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया। आज के पौधा रोपण कार्यक्रम में स्वयं सेवक शबाना बेगम, देव नारायण सिंह, शिवम सागर, कन्हैया राजवाड़े, टकेश्वर, अभय यादव, रजनीश दोहरे, प्रियांशु, आंचल ठाकुर, ज्योति, रीनू साहू एवं संध्या ठाकुर की सक्रिय भूमिका रही। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 विनय कुमार शुक्ला, प्राध्यापक डॉ0 आशुतोष देऊस्कर, डॉ0 बृजेश कुमार पाण्डेय, अतिथि व्याख्यता योगेश सिंह, कु0 रोली सिंह, रासेयो कार्यक्रम सहायक आरीफ ढेबर ने भी पौधा रोपण किया।

**LoPN Hkkjr vfHk;ku ds rgr dk;Z djrs gq, egkfo|ky; ds fo|kFkhZ**






# रासेयो द्वारा महाविद्यालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान





बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार जल शक्ति अभियान के तहत 1 से 15 सितम्बर 2019 का स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। डॉ0 समरेन्द्र सिंह राज्य रासेयो अधिकारी एवं पदेन उपसचिव छ0ग0 शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं डॉ0 ए0के0 सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा, अम्बिकापुर के मार्गदर्शन में शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुन्ठपुर के रासेयो महिला एवं पुरुष इकाई के स्वयं सेवकों ने स्वच्छता पखवाड़े अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम की शुरूआत की। प्राचार्य, डॉ0 ए0सी0 गुप्ता के संरक्षण में सर्वप्रथम सभाकक्ष में जिला संगठक प्रो0 एम0सी0 हिमधर के द्वारा नवप्रवेशी स्वयं सेवकों का अभिमुखी करण किया गया तथा स्वच्छता पखवाड़ा अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। तदुपरान्त वरिष्ठ सेवकों शालिनी सिंह श्याम, चन्द्रशेखर, शिवम सागर, शबाना बेगम, सिमरन परवीन, देवनारायण, कन्हैया लाल के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत मुख्य द्वार से लेकर भवन के चारों तरफ उगे गाजर घास की साफ-सफाई की गई। साथ ही पाउच, पॉलिथीन एवं कागज को एकत्रित कर निपटान किया गया। इस अवसर पर मुख्य द्वार से लेकर प्रथालय भवन तक रास्ते के गड्ढे को मुरूम, गिट्टी से समतलीकरण किया गया तथा महाविद्यालय परिसर अपने घर परिवार गांव मोहल्लों में साफ- सफाई रखने तथा अन्य लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी द्वय डॉ0 श्रीमती प्रीति गुप्ता एवं डॉ0 विनय कुमार शुक्ला सहित स्वयं सेवक राहुल पटवा, आकाश सिंह, प्रियांशु उपाध्याय, वंदना भगत, हर्षिता, सुष्मा, अभय, अमित प्रजापति, शीतल साहू, रेनू साहू, मोना राजवाड़े, सक्रिय रहे।

30/07/19

# समर इन्टर्नशीप अन्तर्गत जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित






बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में पंजीकृत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के दल के द्वारा प्राचार्य डॉ0 ए0 सी0 गुप्ता के संरक्षण, जिला संगठक प्रो0 एम0 सी0 हिमधर के मार्गदर्शन एवं ग्रुप लीडर शालिनी सिंह श्याम के नेतृत्व में विभिन्न गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके अन्तर्गत रमदईया धाम में साफ-सफाई किया गया तथा प्लास्टिक, पाउच, पन्नी को एकत्रित कर निपटान किया गया। ग्राम- भाड़ी में दीवारों में प्लास्टिक उन्मूलन और स्वच्छता के प्रेरक नारे लिखे गए साथ ही प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के बच्चों को स्वच्छता के विभिन्न आयामों की जानकारी दी गई तथा हैण्ड वाश कराया गया। स्कूल परिसर के हैण्ड पम्प के आस-पास सफाई कर नाली बनाया गया एवं परिसर के गाजर घास का उन्मूलन किया गया। अन्तिम दिवस छरछा ग्राम के प्राथमिक स्कूल परिसर में वृहद साफ- सफाई की गई तथा स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को प्लास्टिक का उपयोग न करने, घर, आंगन, गली, परिसर में साफ- सफाई रखने की सलाह दी गई। इंटर्नशीप कार्यक्रम में पंजीकृत स्वयं सेवकों में लव कुमार, उमेश देवांगन, शालिनी सिंह श्याम, सिमरन परवीन, शिवम कुमार, देवनारायण सिंह, शबाना बेगम, ममता पाव, चन्द्रशेखर सिंह, शिवम सागर, संगम सिंह, आदित्य, कन्हैया लाल स्वच्छता कार्यक्रम में सक्रिय है।

# 2. Health Promotion Activiti

**fo’ojDrnkufnol1-10-2019dkslaxks"Bh,oafo|kfFkZ;ksadk CyM xzqi tkap f’kfoj**







राष्ट्रीय सेवा योजना
National Service Scheme


राष्ट्रीय सेवा योजना
National Service Scheme
समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास
शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया




# रासेयो स्वयं सेवकों ने किया रक्तदान

नवभारत ब्यूरो। बैकुण्ठपुर.

**शासकीय** रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरूष इकाई ने विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय सभागार में संगोष्ठी एवं जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्त दान कार्यक्रम का आयोजन किया.

संगोष्ठी का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसी गुप्ता एवं जिला संगठक प्रो एम सी हिमधर ने युवा प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया. जिला संगठक ने रक्तदान की आवश्यकता एवं महत्व का परिचय कराते हुए सभी स्वयं सेवकों को बताया कि रक्तदान करने से कोई व्यक्ति बीमार व कमजोर नहीं होता,



बल्कि रक्त दान के बाद उसकी शरीर की सक्रियता बढ़ जाती है. एक स्वस्थ युवा वर्ष में 3 से 4 बार 3 माह के अन्तराल में रक्तदान कर सकता है. प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अपील करते हुए कहा कि जब भी किसी जरूरतमन्द व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता हो रक्तदान कर उस व्यक्ति को आप जीवन दान देकर पुण्य की भागी बन सकते है. द्वितीय चरण में जिला ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ डीके चिकनजूरी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के रक्तवीर स्वयं सेवकों कु परमा भट्टाचार्य, कु साक्षी जायसवाल, किरण चौधरी, प्रमोद कुमार यादव, देव नारायण सिंह, करम साय, शिवा सिंह, मनीष कुमार पनेरिया, संगम सिंह, शुकभान सिंह, ईश्वर कुमार, विनोद कुमार, कृष्णा कुमार, रमेश राजवाड़े सहित पुरूष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ गौरव कुमार मिश्रा ने जिला संगठक की उपस्थिति में जिला ब्लड बैंक में 15 यूनिट रक्तदान किया. जिसमें से 03 यूनिट रक्त तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को देकर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया. इस कार्य में जिला ब्लड बैंक के स्टॉफ अतर सिंह सीनियर लैब टेक्निशियन, एमडी भोई एवं एन के दिवाकर लैब टेक्निशियन का विशेष सहयोग रहा.

## विश्व रक्तदान दिवस पर निकाली गई रैली

# रक्तदान से कोई व्यक्ति बीमार व कमजोर नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला, पुरूष इकाई एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के स्वयं सेवकों ने राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय सभागार में संगोष्ठी, जन चेतना रैली एवं जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया।

संगोष्ठी का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसी गुप्ता एवं जिला संगठक प्रो. एमसी हिमधर ने युवा प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। जिला संगठक ने रक्तदान की आवश्यकता एवं महत्व का परिचय कराते हुए सभी स्वयं सेवकों को बताया कि रक्तदान करने से कोई व्यक्ति



स्वयंसेवकों ने रक्तदान दिवस पर निकाली रैली।

बीमार व कमजोर नहीं होता, बल्कि रक्तदान के बाद उसकी शरीर की सक्रियता बढ़ जाती है। एक स्वस्थ युवा वर्ष में 3 से 4 बार 3 माह के अंतराल में रक्तदान कर सकता है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अपील करते हुए कहा कि जब भी किसी जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता हो रक्तदान कर उस व्यक्ति को आप जीवनदान देकर पुण्य की भागी बन सकते हैं। संस्था से अनादि मिश्रा, हिमांश तिवारी और अब्दुल जावेद ने भी रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हमारा कोरिया एप से जुड़कर रक्तदाता बनने की अपील की। द्वितीय चरण में जन चेतना रैली को प्राचार्य डॉ. एसी गुप्ता, डॉ.आरएन कच्छप, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजीत लकड़ा एवं जिला संगठक ने हरिझंडी दिखाकर रवाना किया, जो कॉलेज से घड़ी चौक, तहसील कार्यालय, नया बस स्टैण्ड होते हुए जिला अस्पताल में खत्म हुआ।

स्वयं सेवकों ने रक्तदान महादान, बचाए जान बढ़ाए सान जैसे प्रेरक नारों के साथ शहर के लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। तदुपरांत सीएमएचओ डॉ. रामेश्वर शर्मा एवं जिला ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. डीके चिकनजूरी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना ▶▶शेष पेज 14 पर

---

# रक्तदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन, निकाली गई रक्तदान एवं जन चेतना रैली





**बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/** शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला, पुरूष इकाई एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर के स्वयं सेवकों ने राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय सभागार में संगोष्ठी, जन चेतना रैली एवं जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्त दान कार्यक्रम का आयोजन किया। संगोष्ठी का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ए0 सी0 गुप्ता एवं जिला संगठक प्रो0 एम0 सी0 हिमधर ने युवा प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। जिला संगठक ने रक्तदान की आवश्यकता एवं महत्व का परिचय कराते हुए सभी स्वयं सेवकों को बताया कि रक्तदान करने से कोई व्यक्ति बीमार व कमजोर नहीं होता, बल्कि रक्त दान के बाद उसकी शरीर की सक्रियता बढ़ जाती है। एक स्वस्थ युवा वर्ष में 3 से 4 बार 3 माह के अन्तराल में रक्तदान कर सकता है। प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को अपील करते हुए कहा कि- जब भी किसी जरूरतमन्द व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता हो रक्तदान कर उस व्यक्ति को आप जीवन दान देकर पुण्य की भागी बन सकते है। इसी अवसर पर हमारा कोरिया संस्था से अनादि मिश्रा, हिमांश तिवारी और अब्दुल जावेद ने भी रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हमारा कोरिया एप से जुडकर रक्तदाता बनने की अपील की। द्वितीय चरण में जन चेतना रैली को प्राचार्य डॉ0 ए0सी0 गुप्ता, डॉ0 आर0एन0 कच्छप, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री अजीत लकड़ा एवं जिला संगठक ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। जो कॉलेज से घंड़ी चैक, तहसील कार्यालय नया बस स्टेड होते हुये जिला अस्पताल में खत्म हुआ। स्वयं सेवकों ने रक्तदान महादान, बचाये जान बढ़ाये सान जैसे प्रेरक नारों के साथ शहर के लोगों को रक्तदान करने के लिये प्रेरित किया। तदुपरान्त सी0एम0एच0ओ0 डॉ0 रामेश्वर शर्मा एवं जिला ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ0 डी0 के0 चिकनजूरी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के रक्तवीर स्वयं सेवकों रामचन्द्र सिंह, उमेश कुमार राजवाड़े, चन्दन सिंह, महेन्द्र यादव एवं चन्द्रमणी राजवाड़े ने जिला ब्लड बैंक में रक्तदान किया। इस कार्य में जिला ब्लड बैंक के स्टॉफ श्रीमती मंजू तिर्की एवं सुखनाथ सिंह का विशेष सहयोग रहा। रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 प्रीति गुप्ता, कार्यालयीन स्टॉफ घनश्याम दूबे, राम लाल दास, मो0 आरीफ ढेबर, सुरेश साहू, ने बधाई दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राधेश्याम पटेल, रोली सिंह एवं महेंन्द्र कुर्रे, सतेन्द्र सिंह, वरिष्ठ स्वयं सेवक शालिनी सिंह श्याम, शबाना बेगम, नमीता राजवाड़े, आशीष दुबे, शिवम सागर, देवनारायण सिंह, सिमरन परवीन, प्रियांशु उपाध्याय, भुनेश्वर सिंह, अभय यादव, नारेन्द्र, आकाश सिंह, शक्ति राजवाड़े, किरण भगत, बिन्दू, निशा, सोनिया, ज्योति, महेन्द्र कुमार का सक्रिय योगदान रहा।

### जिला अस्पताल में किया गया रक्तदान

जिला अस्पताल में युवकों ने रक्तदान किया। रक्तदान के समय इसमें षरद गुप्ता, गुलषन साहू, महेन्द्र सिह, भुनेष्वर सिंह ने रक्तदान किया और एक युवक की जान बचाई।